**कार्यालयः—निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून।**

पत्रांक / सू0प्र0 / 108 - 09 / मैनुअल / 2024—25 दिनांक 06 जून, 2024

**सेवामें,**

**एम0आई0एस0 प्रभारी,**
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।

**विषयः— सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत धारा 4(1)(ख) में प्रदत्त प्राविधानों के अन्तर्गत विभाग के 17 मैनुअलों को विभागीय वेबसाइट एवं माननीय सूचना आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक माननीय उत्तराखण्ड सूचना आयोग के पत्र संख्या 15484 / स्था0 / उ0सू0अ0 / 2023—24 दिनांक 04.03.2024, पत्र संख्या 9862 / उ0सू0अ0 / 2023—24 दिनांक 22.12.2023 एवं पत्र संख्या 5678 / उ0सू0अ0 / 2022—23 दिनांक 28.08.2023 के द्वारा निर्देशित किया गया है कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत धारा 4(1)(ख) में प्रदत्त प्राविधानों के अन्तर्गत विभाग के मैनुअलों की वर्तमान स्थिति के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा—4 के तहत विभागीय सूचनाओं को स्वतः प्रकटन किये जाने हैं। जिसमें माननीय सूचना आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में 17 बिन्दुओं के मैनुअलों को अध्यावधिक कर विभागीय वेबसाइट एवं माननीय सूचना आयोग की वेबसाईट पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः उपरोक्तानुसार सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत धारा 4(1)(ख) में प्रदत्त प्राविधानों के अन्तर्गत प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून के (01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2024 तक) 17 बिन्दुओं से सम्बन्धित मैनुअलों की साफ्ट कापी विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही हैं कि कृपया 17 मैनुअलों को विभागीय वेबसाइट एवं माननीय सूचना आयोग की वेबसाइट पर आज ही अपलोड करने के साथ—साथ 17 मैनुअलों से सम्बन्धित सामग्री की एक सी0डी0 भी तैयार कर अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नः— यथोपरि।**

भवदीय
06.06.2024

**(हरीश चन्द्र सिंह रावत)**
अपीलीय अधिकारी / संयुक्त निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा, निदेशालय
उत्तराखण्ड।

**पृ0सं0 / सू0प्र0 / 108 - 09 / मैनुअल / 2024—25 दिनांक उक्तांकित।**

1— सचिव, माननीय उत्तराखण्ड सूचना आयोग, सूचना का अधिकार भवन, रिंग रोड लाडपुर, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

06.06.2024

**(हरीश चन्द्र सिंह रावत)**
अपीलीय अधिकारी / संयुक्त निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा, निदेशालय
उत्तराखण्ड।

# सूचना विवरण पुस्तिका

# सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

उत्तराखण्ड सरकार

## मैनुअल–
## 1 से 17
## वर्ष 2022 से 2024 तक

# निदेशालय
# प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड
# ननूरखेड़ा(तपोवन)देहरादून।

वैब साइड–www.schooleducation.uk.gov.in
ई.मेल-ua.elementary@yahoo.in

## कार्यालय– निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड ननूरखेडा, देहरादून।

## (अनुक्रमणिका)

**सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4(1)ख के अनुपालन में सूचना का स्वतः प्रकाशन की दृष्टि से 17 बिन्दुओं का मैनुअल (Manual) (वर्ष 2023–24 (01 अप्रैल, 2022) से वर्ष 2024–25 (31 मार्च, 2024) तक) तक अद्यतन किया गया है।**

अधिनियम की धारा 5(1) व (2) एवं 19(1) के अन्तर्गत प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय में लोक सूचना अधिकारी तथा विभागीय अपीलीय अधिकारी नियुक्त किये गये है। अनुरोधकर्ताओं की सुविधा के लिए प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय स्तर पर अलग से सूचना अनुभाग की स्थापना करते हुए अनुरोध पत्रों के पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है ताकि अनुरोधकर्ताओं को समयान्तर्गत सूचना उपलब्ध करायी जा सके।

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के क्रियान्वयन में प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय स्तर पर 17 मैनुअलों का आमजन सुविधा हेतु विभागीय बैवसाइट पर प्रदर्शित करने के लिए मैनुअलों का निर्माण किया गया है।


- **मैनुअल–1** प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय की संरचना संगठन की विशिष्टियॉ कृत्य एवं कर्तव्य से सम्बन्धित विवरण ।
- **मैनुअल–2** प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय के कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियो की अनुभाग अनुसार सख्यात्मक विवरण एवं निदेशालय स्तर पर अधिकारियों एवं कार्मिकों के कर्तव्य एवं दायित्व तथा प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक का कार्यकाल ।
- **मैनुअल–3** बजट का आवंटन, पेंशन सम्बन्धी प्रक्रिया, 90 प्रतिशत जी0पी0एफ0 भुगतान, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति, खेल छात्रवृत्ति, नियोजन (निर्माण)एवं सामग्री क्रय प्रक्रिया से सम्बन्धित विवरण ।
- **मैनुअल–4** विद्यालय का नाम परिवर्तन एवं विद्यालय भवनों के निर्माण एवं मरम्मत से सम्बन्धित शासनादेश।
- **मैनुअल–5 प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय के अन्तर्गत स0अ0 / कर्मचारियों की पदोन्नति, स्थानान्तरण, अनापत्ति, से सम्बन्धित शासनादेश एवं कार्यालय ज्ञाप।**
- **मैनुअल–6 निदेशालय स्तर पर कार्यरत वित्त नियंत्रक एवं लेखा संगठन के कार्मिकों के दायित्व तथा निदेशालय के अनुभागों में व्यवहृत किये जाने वाले कार्य।**
- **मैनुअल–7 नीति निर्धारण च कार्यान्वयन के सम्बन्ध में व्यवस्था का विवरण।**
- **मैनुअल–8 लोक प्राधिकरण से सम्बन्धित संक्षिप्त विवरण।**


**(क्रमशः 02)**

- मैनुअल–9 निदेशालय स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निर्देशिका।
- मैनुअल–10 निदेशालय स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्राप्त पारिश्रमिक।
- मैनुअल–11 निदेशालय स्तर पर वार्षिक बजट स्वीकृतियॉ एवं आवंटन ।
- मैनुअल–12 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से सम्बन्धित शासनादेश/आदेश तथा मध्याह्न भोजन (एम0डी0एम0) से सम्बन्धित शासनादेश।
- मैनुअल–13 विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति से सम्बन्धित आदेश।
- मैनुअल–14 सूचना प्राप्त करने के लिए नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं का विवरण।
- मैनुअल–15 जनसाधारण को विभाग के विषय में सामान्य जानकारी प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन।
- मैनुअल–16 प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के लोक सूचना अधिकारी एवं विभागीय अपीलीय अधिकारियों का विवरण।
- मैनुअल–17 प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण/अनुश्रवण एवं अन्य समस्त व्यवहृत कार्यो से सम्बन्धित शासनादेश/आदेश।

आज्ञा से

निदेशक

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड।